जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान
4 अक्टूबर 2022

# गांधी जयंजी पर प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान की हुई शुरूआत



बडवाह-नशा के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की लंबी लडाई के बाद राज्य सरकार ने रविवार (गांधी जयंती) से प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान शुरू किया है। राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को गांधी जयंती के अवसर पर **नशीले पदार्थ नही अभियान** की शुरुआत की। बड़वाह नगरपालिका में नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता की उपस्थिति में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली । शासन के निर्देश नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी किया गया। इस दौरान नपा हरिराम सिंधिया,कैलाश जायसवाल,अजय पंडया,रमेश हिरवे,अशोक दतोले,मुकेश,मनोहर डुलगज,जयंत मालाकार सहित नपा के कुछ कर्मचारी मोजूद थे।

# महात्मा गांधी जयंती पर दिव्यांग विद्यार्थियों ने निकाली रैली

बड़वाह -सुराना नगर स्थित मां नर्मदा मूकबधिर,मंदबुद्धि एवं दृष्टिबाधित आवासीय विद्यालय में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य प्रतिनिधि संतोष मालवीय थे। इस अवसर पर दृष्टि बाधित बच्ची रोशनी के द्वारा गांधी जी के जीवन के बारे में बताया गया एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में राहुल के द्वारा जीवन परिचय बताया गया। जिसके बाद बच्चों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई जो विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली नर्मदा रोड होते हुए जयस्तंभ चौराहा पहुंची। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य विजय मालवीय,स्टॉप सुशील कुमार गुप्ता,पूजा चौहान,इंद्रा जोशी,पिंकी सोलंकी,खुशी चौधरी,जितेंद्र शारदे,राकेश सिटोले ,धर्मेन्द्र प्रजापत आदि स्टॉप उपस्थित थे।

# कश्मीर में धारा 370 गोला-बारूद से नहीं दो तिहाई बहुमत से हटी - मंत्री जायसवाल...



**बड़वाह - आप लोगों ने बैठे-बैठे कमाल कर दिया।भारत की संपूर्ण आजादी में अहम भूमिका निभाई है। भाजपा के सांसद को जीताकर लोकसभा में भेजा है। जहां दो तिहाई बहुमत के आधार पर बिना युद्ध और गोला-बारूद के जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाई है। अगर दो तिहाई बहुमत नहीं होता तो धारा 370 नहीं हटती। यह बात सोमवार को उत्तरप्रदेश सरकार में मंत्री रवींद्र जायसवाल ने कहीं। वे सपरिवार काशी से ओंकारेश्वर दर्शन के लिए पहुंचे थे। इस दौरान नर्मदा रोड़ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में अखिल भारतीय जायसवाल (सर्ववर्गीय) महासभा ने मंत्री रवींद्र जायसवाल का स्वागत किया। इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटील भी मौजूद थे।**

इस दौरान स्वल्पहार की व्यवस्था भी की गई थी। मंत्री जायसवाल ने कहा कि दो तिहाई बहुमत नहीं होता तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 नहीं हटती। इसके लिए भाजपा का हर कार्यकर्ता बधाई का पात्र है जिसने अपने-अपने क्षेत्र के सांसद को जीताने में अहम भूमिका निभाई है। राम मंदिर के निर्माण में भी आप लोगों की भूमिका है। राम जन्मभूमि के आंदोलन में कई लोगों को जेल जाना पड़ा था। अयोध्या का मंदिर केवल यूपी का नहीं है उसमें सभी लोगों की भूमिका है। आज मोदी पीएम नहीं होते अगर भाजपा के सांसद जीतकर लोकसभा में न पहुंचते। उन्होंने आयोजन में मौजूद सभी भाजपा पदाधिकारी और समाजजनों को नवरात्रि और दशहरे की बधाई देते हुए काशी आने का न्यौता दिया।

ओंकारेश्वर दर्शन के बाद मंत्री जायसवाल सपरिवार उज्जैन रवाना हुए। इस दौरान मीसाबंदी रामकिशन जायसवाल, पूर्व विधायक हितेंद्र सिंह सोलंकी, नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला महामंत्री महिम ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह तोमर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण काग, पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल राय, पार्षद गणेश पटेल, रजनी भंडारी, साबिर खान, विजय सोनी, विजय महाजन, नरसिंह सुरागे, शैलेंद्र जायसवाल, सुदामा जायसवाल, रामेश्वर जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, सुनील जायसवाल, परशराम मालवीय, हरीश जायसवाल, विजय मालवीय, केलाशचंद्र मालवीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थ

# बड़वाह में हुई गायन स्पर्धा माचलपुर के दीपकुमार सर्वश्रेष्ठ गायक जीता 21 हजार का पुरुस्कार

## सनावद की गृहिणी सृष्टि बिल्लोरे द्वितीय



**बडवाह**- कंवर कॉलोनी नवदुर्गा उत्सव समिति ने शनिवार को मिले सुर मेरा तुम्हारा गायन स्पर्धा का आयोजन किया।इसमें बड़वाह सहित आसपास के क्षेत्रों की 15 उभरती गायन प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया।लेकिन बड़वाह के पास के छोटे से गांव माचलपुर के युवक दीपकुमार ने अपनी आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर इस स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार हासिल किया।समिति की ओर से 21 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया।उन्होंने अंतिम राउंड में अमर.अकबर.एंथोनी फिल्म का परदा है परदान्शी गीत गया था।सनावद की गृहिणी सृष्टि बिल्लोरे ने भी अपनी मधुर आवाज की छाप उपस्थित श्रोताओं और निर्णायकों पर छोडी।लुटेरा फिल्म का श्संवार लू गीत पर उपस्थित श्रोताओं का अच्छा प्रतिसाद मिला।निर्णायकों ने सृष्टि को स्पर्धा में उपविजेता घोषित किया।उन्हें समिति की ओर से 15 हजार की नगद धन राशि दी गई।तीसरे स्थान पर बड़वाह के नवोदित गायक कलाकार दिव्यांश पंडया

रहे।केशरिया बालम आओ म्हारे देश गीत में उनके अंदाज और अपने बुलंद आवाज ने दर्शकों पर जादू बिखेरा। उन्हें समिति की ओर से 11 हजार से पुरस्कृत किया गया।

### माही डाबर को सांत्वना पुरस्कार

माही डाबर की गायकी भी पसंद की गई।उन्हें सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। सभी विजेताओं को आमंत्रित अतिथियों नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ,उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल ,उद्योगपति सुशील छाजेड़ ,रामेश्वर जायसवाल, नरहरी दांगी ,पार्षद सुनील चौधरी ,सीमा कानूनगो ,पार्षद प्रतिनिधि विजय महाजन, गगन भाटिया, बद्री पटेल सहित प्रवीण शर्मा ने मंच पर पहुंचकर बधाई दी। स्वागत कार्यक्रम का संचालन डॉ परेश विजयवर्गीय ने किया।स्पर्धा का संचालन प्रेरणा भालसे ने किया।संचालन समिति अध्यक्ष अनिल कानूनगो एवं बीटा भाटिया ने माना।

### देर रात तक श्रोताओं ने लिया कार्यक्रम का आनंद

कार्यक्रम संचालक डॉ परेश विजयवर्गीय ने बताया कि एक सप्ताह पहले 87 गायकों के ऑडिशन के बाद 15 गायकों को मुख्य स्पर्धा के लिए चयनित किया। इन्हीं 15 प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक मधुर गीत प्रस्तुत किए।रात करीब 9बजकर 30 बजे स्पर्धा प्रारंभ हुई।इसमें पहले सभी 15 गायकों ने सोलो एवं द्वितीय राउंड में 7 जोडियो के रूप में गीत प्रस्तुत किए।निर्णायक के रूप में इंदौर की मानसी पांडे खंडवा की निशा तिवारी और पंधाना के विनय शुक्ला ने सभी प्रतिभागियों में 6 गायक.गायिकाओ का चयन अंतिम राउंड के लिए किया।इन छह में से 4 सर्वश्रेष्ठ गायकों का चयन किया गया।देर रात्रि डेढ बजे तक स्पर्धा चली। इस पूरे आयोजन के दौरान श्रोता अपने.अपने स्थान पर बैठकर इस स्पर्धा का आनंद लिया।स्पर्धा में समिति के आशीष अग्रवाल प्रवीण शर्मा कल्पेश दुबे संजय गेहलोद पंकज जायसवाल जगदीश यादव सुमित जायसवाल अनमोल भाटिया का विशेष सहयोग आयोजन में रहा।

### जायसवाल दंपती बने बेस्ट कपल

स्पर्धा के दौरान उपस्थित श्रोताओ के लिए बेस्ट कपल स्पर्धा समिति ने आयोजित की थी।इसमें मृणाली सुमित जायसवाल बेस्ट कपल रहे।निर्णायक ब्रजेंद्र जोशी और किरण जोशी ने वेशभूषा के साथ प्रतिभागियों के साथ चर्चा कर उनके व्यवहार एवं जवाबों के आधार पर अपना निर्णय दिया।बेस्ट ड्रेस वर्षा दिशांत चौहान रही।

# 2800 करोड़ की सिचाई परियोजना से खुलेंगे काटकूट में समृद्धि का द्वार

बड़वाह - नर्मदा घाटी की सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार से काटकूट क्षेत्र की समृद्धि का द्वार खुलेगा और 2800 करोड़ की सिंचाई परियोजना से काटकूट क्षेत्र के प्रत्येक खेत और ग्राम तक पानी पहुंचेगा। अब क्षेत्र की वर्षों पुरानी जल समस्या का स्थायी समाधान होगा। ये बातें विधायक सचिन बिरला ने कहीं।

विधायक ने कहा कि काटकूट क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित उद्वहन सिंचाई परियोजना के भूमिपूजन हेतु उन्होंने गुरुवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से विस्तारपूर्वक चर्चा की है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त दिया है कि काटकूट उद्वहन सिंचाई परियोजना का भूमिपूजन करने शीघ्र ही काटकूट आएंगे ताकि काटकूट उद्वहन सिंचाई परियोजना का कार्य आरंभ हो सके।

विधायक ने बताया कि इस परियोजना के तहत सांवेर माइक्रो उद्वहन परियोजना से काटकूट क्षेत्र के 44 ग्रामों एवं बलवाडा माइक्रो सिंचाई परियोजना से महेश्वर क्षेत्र के 11 ग्रामों तथा ओंकारेश्वर सिंचाई परियोजना से 1 ग्राम को लाभ मिलेगा। इसके अलावा काटकूट क्षेत्रवासियों की मांग पर इन परियोजनाओं से ग्राम मोयरा, दुधापुरा और भीतखेडा को भी जोड़ लिया गया है। इस प्रकार काटकूट क्षेत्र का कोई भी खेत सूखा नहीं रहेगा और क्षेत्र के समस्त सुदूरवर्ती ग्रामों को पर्याप्त पेयजल भी मिलेगा। विधायक ने काटकूट क्षेत्र के ग्रामवासियों से अपील की है कि सिंचा परियोजना से जो ग्राम छूट गए हों, इसकी सूचना विधायक कार्यालय में दर्ज कराएं। ताकि कोई भी ग्राम सिंचाई और पेयजल से वंचित नहीं रहे। उल्लेखनीय है कि काटकूट सिंचाई उद्वहन परियोजना में काटकूट क्षेत्र के चैनपुरा, गवलनपाटी, आक्या, चंदूपुरा, ओखला, मुंडला, बरखेडा, काटकूट, लिम्बी बुजुर्ग, रांजना, सोरठी बारुल, सापट, बेकल्या, खमकी बारुल, कडकी बारुल, कोदबार खुर्द, नागझिरी,कोदबार बुजुर्ग, सालीखेडा, घांघला, बडेल, कुंडी, मेहंदीखेडा,तरान्या, सुलगांव,कडिया कुंड, रावत पलास्या, टिटवा पलास्या, मठ पलास्या, रामकुल्ला, पातलीमाल, लखनपुरा, लौंदी, खेडीहाट, कदवालिया, जगतपुरा, खामखेडा, नयापुरा, बागफल, रमाणा, लाइनपुरा, मांडाझोल, टांडा, बरझर एवं महेश्वर क्षेत्र के ग्राम पाला पलास्या, पारसखेडी, गोबरीखेडा, बामनपुरी, अरोदा, सेंधवा, कुंडिया, थरवर, बरगना, लालपुरा, उमरिया चौकी शामिल हैं।

# रावण दहन को लेकर तैयारियां शुरू 51 फिट ऊंचे पुतला जलेगा



बड़वाह--- बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व दशहरे को केवल चार दिन बचे है। इस बार दशहरे पर दहन किए जाने वाले रावण के मुंह से आग निकलते नजर आएगी। जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा। रावण के पुतले की लम्बाई 51 फिट रहेगी। रावण जो अपनी ब?ी.ब?ी चमकीली आंखो को डराएगा।वहीं रावण एक हाथ में ढाल तो दूसरे हाथ में तलवार रहेगी।रावण अट्ठाहस के साथ अपने हाथ में रखी तलवार और ढाल हिलाते हुए नजर आएगा।सार्वजनिक गणेशोत्सव और दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि जैन ने बताया कि प्रतीकात्मक रावण के पुतले का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है।उसे रंग.बिरंगे ताव से सजाया जा रहा है।साथ ही पुतले में कई तरह के अलग.अलग पटाखों से भरा जा रहा है। ताकि दहन के समय उपस्थित नगर वासियों को सुन्दर एवं आकर्षक आतिशबाजी देखने को मिलेगी।इधर नगर पालिका द्वारा रावण दहन स्थल पर प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई करवाई जा रही है।जिसका जायजा लेने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने शनिवार सुबह पार्षदों के साथ रावण दहन स्थल का जायजा लिया। इसके साथ ही समिति अध्यक्ष सहित सदस्य अनिल राय भुवनेश सेंगर मनीष शर्मा तरुण दस्साणीए गोपाल सोलंकी भी पहुंचे थे।

### शाम 7बजकर 30 मिनिट होगा दहन

समिति अध्यक्ष जैन ने बताया कि प्रतिवर्ष 7 बजे रावण दहन होता है लेकिन इस वर्ष दहन का समय आधे घंटे ब?ा दिया गया है। शाम 7बजकर 30 मिनिट शासकीय कॉलेज मैदान में श्रीराम द्वारा रावण वध का प्रतीकात्मक प्रसंग प्रस्तुत कर रावण दहन किया जाएगा।इसके पहले हाउसिंग बोर्ड कालोनी से राम लक्ष्मण और हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो शासकीय कॉलेज पहुंचेगी। समिति सचिव अर्पण सराफ ने अधिक से अधिक लोगों को रावण दहन कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

# सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति



बड़वाह--- खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अलग अलग प्रशासनिक विभागो का बड़वाह शहर का सांसद प्रतिनिधि हेतु यशवंत जाधव को कृषि उपज मंडी बड़वाह में सांसद प्रतिनिधि, ऐश्वर्य उमडेकर को शासकीय महाविद्यालय बड़वाह में युवा सेल समिति का सांसद प्रतिनिधि बनाया है वही अशोक नारायण तिवारी को सिविल अस्पताल बड़वाह के लिए सांसद प्रतिनिधि बनाया है। इस नियुक्ति पर पूर्व विधायक हीतेंद्रसिंह सोलंकी नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता सांसद नपा उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल समन्वयक जितेन सुराणा सांसद प्रतिनिधि महेश गुर्जर,जिला महामंत्री महिम ठाकुर,नगर मंडल अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह तोमर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण काग पार्षद गणेश पटेल विजय महाजन विजय सोनी साबिर खान एवं भाजपा कार्यकर्ता अनौकचंद मंडलोई सरपंच राजकुमार वर्मा सुरेंद्र पंड्या दीपक ठाकुर मुरली जायसवाल संजय मुथा आदि भाजपा कार्यकर्ता ने खुशी जताई है सांसद ने पत्र के माध्यम से अलग.अलग विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रतिनिधियों की घोषणा की है।जिससे लोगों की समस्याओं का आसानी से निस्तारण किया जा सकेगा।सांसद प्रतिनिधि अपने. अपने विधानसभा क्षेत्र में सांसद निधि और उससे संचालित परियोजनाओं का निरीक्षण और निगरानी का कार्य भी करेंगे।उक्त जानकारी सांसद कार्यालय प्रभारी श्री बृजेश यादव ने दी।

# बेटा उठ जा उठ न बेटा ....... इलाज के इंतजार में मासूम ने मां की गोद में तोड़ा दम



बडवाह---मध्य प्रदेश सरकार एवं हमारे प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज सिंह जी प्रदेश के शासकीय अस्पतालों में उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध होने का लाख दावा करे लेकिन जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य विभाग का हाल पूरी तरह बेहाल है । सब कुछ भगवान भरोसे ही नजर आरहा है । इन्दौर इच्छापुर हाईवे पर बड़वाह में स्थित सिविल हास्पिटल यू तो 100 बेड एवं अनेक सुविधाओं के लिये बखाना जाता है लेकिन वास्तविक स्थिति हकीकत से पूरी तरह विपरीत है । ऐसे हालात का खामियाजा एक मासूम बालक को उठाना पडा जहां ईलाज के अभाव में उसकी मौत होगई

घटनाक्रम के अनुसार बड़वाह के निकटस्थ नावघाट खेडी निवासी राजेश केवट अपने 8 वर्षीय पुत्र रणवीर केवट की तबियत ठीक नही होने से उपचार हेतु द्रोपतिबाई व पत्नी संगीता केवट साथ सिविल हास्पिटल में पहुँचा।लेकिन श्री केवट का आरोप है कि यहां ड्यूटी पर उपस्थित डॉ. अनुज एव नर्स दिशा पटेल के द्वारा सही ढंग से उपचार नही किया गया केवल इक्का दुक्का दवाई गोली देकरसलाह देदी गई कि सोमवार को पैथोलाजी लेब खुलेगी तब शिशु रोग चिकित्सक को दिखा देना या फिर निजी चिकित्सक से उपचार करवा लेना । यह कह कर बिमार बालक को अस्पताल से छुट्टी देदी गई।

लेकिन घर ले जाने के बाद अचानक रणवीर की तबीयत फिर से खराब होगई तब उसे निजी अस्पताल मे इलात करते हुये इंदौर जाने की सलाह दी। लेकिन परिजनो के साथ एंबुलेंस से इंदौर लेजाते समय बालक ने अचानक दम तोड़ दिया। उसके बाद पुन 2 बजे शासकीय अस्पताल मे बेटे के शव को बड़वाह लाया गया7

हंसता-खेलता बच्चा अब नहीं रहा....

राजेश केवट ने बताया कि शनिवार कि रात्रि मे बेटे रणवीर ने मुझसे आकर बोला था कि सुबह माताजी की सप्तमी की आरती का प्रसाद अपनी तरफ से रखेंगे, लेकिन परिवार को क्या पता था कि आरती होने तक उनका बेटा जीवित भी नहीं रहेगा।नवरात्र के उत्सवी माहौल के बीच ग्राम नावघाटखेड़ी में उस समय मातम पसर गया जब ग्रामीणों को पता चला कि कल तक हंसता-खेलता रणवीर अब उनके बीच नहीं रहा।

### नायब तहसीलदार, पुलिस एवं बीएमओ को आकर मामला शांत कराना पड़ा

मासूम बच्चे की मोत के बाद परिजनों ने डॉक्टर एवं स्टाफ पर इलाज में लापरवाही एवं गैर जिम्मेदार रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुये शासकीय अस्पताल में जमकर हंगामा भी किया। धटना की गंभरता को देखते हुये नायब तहसीलदार, पुलिस एवं बीएमओ को आकर मामला शांत कराना पड़ा।

घटना रविवार सुबह की हैं। परिजनों ने बताया कि बालक रणवीर उर्फ लल्ला सुबह छ बजे के उठा तो उसे पेट में दर्द होने के साथ ही गले में दिक्कत होने लगी। समस्या को देखते हुए परिजन उसे तुरंत शासकीय अस्पताल ले गए।जहां मौजूद स्टाफ नर्स दिशा पटेल को दिखाया तो उसने ड्यूटी डाक्टर को फोन पर जानकारी लेकर बच्चे को गोली दे दी।

परिजन भी गोली लेकर बच्चे को घर ले गए। उन्हें लगा कि ज्यादा दिक्कत नहीं होगी, लेकिन घर जाने के बाद एक बार फिर तबियत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे सनावद के निजी अस्पताल ले गए।जहां उसका प्राथमिक इलाज कर एंबुलेंस से इंदौर रैफर कर दिया गया। इंदौर जाने के दौरान ही बालक रणवीर को मौत हो गई।मौत होने पर परिजनों ने शासकीय अस्पताल की स्टाफ नर्स व ड्यूटी डाक्टर अनूज कारखुर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों के समझाने पर बालक का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में पसरे मातम के चलते माताजी के पांडालों में होने वाले कार्यक्रमों को भी रद्द कर दिया गया।

### घर में इकलौता था रणवीर

मृतक रणवीर के पिता राजेश केवट ने बताया कि पहले वह चौकीदारी का काम करते थे।रणवीर उनका इकलौता बेटा था। राजेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि शासकीय अस्पताल में जब बच्चे को लेकर गए तो नर्स उसका दरवाजा खोलने को तैयार नहीं थी। जैसे-तैसे दरवाजा खोला उनको समस्या बताई तो उन्होंने ड्यूटी डाक्टर से बात किए बिना ही सिर्फ इतना पूछा कि रात को क्या खाया था। इसके बाद बोला कि इसको गैस की समस्या हो गई है।

राजेश का कहना था कि मैंने नर्स को समझाया भी कि इसका गला भी जाम हो रहा हैं, हाथ-पैर में भी दर्द हो रहा है।इमरजेंसी परिस्थिति हैं।इसके बावजुद नर्स ने डाक्टर को नहीं बुलाते हुए कहने लगी कि डाक्टर क्रिटिकल परिस्थिति में ही आते हैं।इस तरह की छोटी समस्याओं में नहीं आते।दबाव बनाने के बाद डाक्टर अनुज कारखुर आए भी लेकिन उन्होंने भी बिना देखे ही नर्स को बोलकर गोली दिलवा दी, ओर चलता कर दिया। परिजनों का आरोप था कि यदि डाक्टर एवं नर्स बारिकी से बेटे की जांच करते एवं समय रहते सहीं सलाह देते तो बेटे की जान बच सकती थी।

### वर्जन -

अस्पताल में इलाज के लिए आए बालक को डाक्टर द्वारा देखा गया था।मामले में अभी परिजनों से लिखित में शिकायत मांगी हैं।मामले में जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

डा. सुनील वर्मा, बीएमओ